क्या आप आर्थिक सहायता पाने के योग्य हैं?

काफी हद तक, हाँ। Covered California के लिए नामांकन करने वालों में से लगभग 5 में से 4 लोगों को आर्थिकसहायता मि है, जिससे उनका मासिक प्रीमियम कम हो जाता है। आपको मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि, आपके परिवार की आय, परिवार के सदस्यों की संख्या और आपके रहने के स्थान पर निर्भर है।

यह देखने के लिए कि क्या आप आर्थिक सहायता के लायक हैं, QR कोड स्कैन करें या CoveredCA.com पर जाएँ

क्या मुझे जीवन बीमा लेने की आवश्यकता है?

भुगतान करना आवश्यक है। यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है या आप छूट के योग्य हैं, तो अपनी संभावित व्यक्तिगत साझा जिम्मेदारी दंड का अनुमान लगाने के लिए फ्रैंचाइज़ी टैक्स बोर्ड की वेबसाइट www.ftb.ca.gov पर जाएं।

और कोई सवाल? **CoveredCA.com/support** पर जाएं

नामांकन करवाने के लिए आपको क्या-क्या चाहिए

कवरेज के लिए आवेदन करने वाले घर के प्रत्येक सदस्य को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी:

- घर का ज़िप कोड
- जन्म-तिथि
- वर्तमान घरेलू आय का प्रमाण[1]
- कैलिफ़ोर्निया ID या ड्राइविंग लाइसेंस
- सामाजिक सुरक्षा नंबर या व्यक्तिगत भुगतानकर्ता पहचान नंबर (ITIN), यदि आपके पास इनमें से कोई है
- नागरिकता या न्यायसंगत मौजूदगी का प्रमाण (जैसे, अमेरिकी पासपोर्ट, नागरिकता प्रमाणपत्र या प्राकृतिकीकरण दस्तावेज़, या ग्रीन कार्ड, या कोई मान्य वीज़ा)[2]

1. करदाता परिवार के सभी सदस्यों की मौजूदा आय का प्रमाण, जैसे कि हालिया कर रिटर्न, W-2 फ़ॉर्म या वेतन पर्ची। आश्रित की आय तभी शामिल की जानी चाहिए जब उनकी आय का स्तर कर रिटर्न दाखिल करने की ज़रुरत हो। परिवार का मतलब है प्राथमिक करदाता और उस व्यक्ति के करों में शामिल सभी आश्रित। अगर आप कर दाखिल नहीं करते हैं, तब भी आप Medi-Cal के ज़रिये मुफ़्त या कम-खर्चे वाले बीमा के लिए योग्य हो सकते हैं।
2. अगर आप खुद योग्य नहीं हैं, तब भी आप अपने योग्य बच्चे या जीवनसाथी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

अधिक सीधी बात। कोई गोल-मोल बातें नहीं।

और अधिक जानकारी और मुफ़्त व्यक्तिगत सहायता के लिए, CoveredCA.com पर जाएं या 800-300-1506 पर कॉल करें

Covered California complies with applicable federal civil rights laws and does not discriminate on the basis of race, color, national origin, age, disability, or sex. 1-800-300-1533 (TTY 1-888-889-4500).
Atención: Si habla español, tiene a su disposición servicios gratuitos de asistencia lingüística. Llame al 1-800-300-0213 (TTY: 1-888-889-4500).
注意：如果您使用繁體中文，您可以免費獲得語言援助服務。請致電 1-800-300-1533 (TTY 1-888-889-4500).

COVERED CALIFORNIA | कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

D-CCA-XXXXXXXX HIN-1026

COVERED CALIFORNIA

हमारे पास आपका प्लान है।

और हम आपके साथ भी हैं।

आपको जो उत्तर चाहिए।
आपको जो कवरेज चाहिए।
आपके लिए सहायक सहायता।

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

COVERED CALIFORNIA

स्वास्थ्य सेवा, और वो भी बिना किसी "उलझन" के?

कवर्ड कैलिफ़ोर्निया कोई स्वास्थ्य बीमा कंपनी नहीं है। हम वो लोग हैं जो कैलिफ़ोर्निया वासियों के लिए स्वास्थ्य की देखभाल को सरल, निष्पक्ष और अधिक किफ़ायती बनाते हैं। हम आपको प्लान्स की तुलना करने, आर्थिक सहायता प्राप्त करने और ब्रांड-नाम कवरेज में नामांकन करने में सहायता करते हैं। अधिकतर मेंबर्स को मासिक प्रीमियम कम करने के लिए आर्थिक सहायता मिलती है, और सभी को समान हाई-क्वालिटी वाली बीमा कवरेज की गारंटी दी जाती है। हम आपके लिए मौजूद हैं। हम आपके लिए लड़ते हैं। क्योंकि हम आप ही हैं।

हम यहाँ आपकी सहायता करने के लिए ही हैं।

Covered California कई भाषाओं में और जिन लोगों को सुनने में तकलीफ होती है उन लोगों के लिए ऑनलाइन, व्यक्तिगत रूप से, और फोन पर मुफ्त में विशेषज्ञ सहयोग प्रदान करते हैं।

खुला नामांकन: 1 नवम्बर – 31 जनवरी तक

MEDI-CAL: वर्ष-भर उपलब्ध

विशेष नामांकन: जीवन की अधिकाँश घटनाओं के बाद 60 दिनों तक उपलब्ध

विशेष नामांकन, कैलिफ़ोर्निया वासियों को जीवन में अधिकाँश बड़े परिवर्तनों के बाद 60 दिनों के अंदर कवरेज प्राप्त करने की अनुमति देता है, जैसे कि स्वास्थ्य बीमा खोना, परिवार के आकार में परिवर्तन, या कैलिफ़ोर्निया में या उसके अंदर किसी और जगह पर जाना।

विशेष नामांकन से संबंधित और ज़्यादा जानकारी के लिए, CoveredCA.com/special-enrollment पर जाएं

बिना किसी शर्त के कवरेज

Covered California चार स्तर का कवरेज प्रदान करता है जो हैं: ब्रोंज़, सिल्वर, गोल्ड और प्लैटिनम। बीमा कंपनियां कवर्ड सेवाओं के एक हिस्से का भुगतान करती हैं, और प्रत्येक स्तर के तहत प्रदान किए जाने वाले लाभ, एक समान होते हैं चाहे आप किसी भी बीमा कंपनी का चयन करें।

CoveredCA.com पर जाएं और यह जानने के लिए "**खरीदें और तुलना करें**" का चयन करें कि कौन-कौन सी ब्रांड-नाम स्वास्थ्य योजनाएं आपके लिए सही हैं।

प्लैटिनम या **गोल्ड** चुनने पर, आपको ज़्यादा मासिक प्रीमियम देना होगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सेवाओं के लिए कम पैसे देने पड़ेंगे।

सिल्वर या **ब्रोंज़** चुनने पर, आपको कम मासिक प्रीमियम देना होगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सेवाओं के लिए ज़्यादा पैसे देने पड़ेंगे।

30 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए, या 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के उन लोगों के लिए एक **न्यूनतम कवरेज योजना** की व्यवस्था की गई है, जिन्हें मुश्किल छूट मिलती है।

मेटल टियर द्वारा 2027 मानक कवरेज लाभ

मुख्य लाभ	**ब्रोंज़** औसत वार्षिक खर्च का 60% कवर करता है	**सिल्वर** औसत वार्षिक खर्च का 70% कवर करता है[1]	**गोल्ड** औसत वार्षिक खर्च का 80% कवर करता है	**प्लैटिनम** औसत वार्षिक खर्च का 90% कवर करता है
व्यक्तिगत / पारिवारिक चिकित्सा कटौती योग्य राशि	$5,800 / $11,600	$4,7200 / $9,400	कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं	कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं
वार्षिक निवारक देखभाल दौरा	कोई लागत नहीं	कोई लागत नहीं	कोई लागत नहीं	कोई लागत नहीं
प्राथमिक देखभाल दौरे का सह-भुगतान	$60	$50	$40	$20
अत्यावश्यक देखभाल दौरे का सह-भुगतान	$60	$50	$40	$20
आपातकालीन कमरे का सह-भुगतान	40%[2]	$400	$350	$225
जेनेरिक दवा का सह-भुगतान	$20	$20	$19	$10
एक व्यक्ति के लिए जेब से खर्च होने वाली अधिकतम वार्षिक धनराशि	$11,650/वर्ष	$11,650/वर्ष	$9,600/वर्ष	$5,500/वर्ष
परिवार के लिए जेब से खर्च होने वाली अधिकतम वार्षिक धनराशि[1]	$23,300/वर्ष	$23,300/वर्ष	$19,200/वर्ष	$11,000/वर्ष

शुरु करने के लिए, CoveredCA.com पर जाएं या 800-300-1506 पर कॉल करें।

इस चार्ट में सभी चिकित्सा सह-भुगतान और सह-बीमा दरों का विवरण शामिल नहीं है। सम्पूर्ण जानकारी के लिए, CoveredCA.com पर जाएं।
1. सिल्वर एकमात्र ऐसा स्तर है जहाँ आपकी लागत, आपकी घरेलू आय के आधार पर कम हो सकती है। इन योजनाओं को एन्हैंस्ड सिल्वर प्लान्स भी कहा जाता है।
2. कटौती योग्य धनराशि के बाद 40% से लेकर हर वर्ष जेब से खर्च होने वाली अधिकतम धनराशि तक।